# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-15.07.2025**

**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामलें में 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा दिनाँक 10.06.2025 को थाना झिंझाना पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 15.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

1.सन्तराम पुत्र करेशन निवासी ग्राम खेडी खुशनाम थाना झिंझाना जनपद शामली।



**थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत कस्बा बनत में हुई सड़क दुर्घटना के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो दिनाँक 14.07.2025 को श्री संदीप पुत्र राममेहर निवासी ग्राम नांगलखेड़ी थाना सेक्टर 29 जनपद पानीपत हरियाणा अपने 08 साथियों के साथ मोटर साईकिलों से जाते समय कस्बा बनत फ्लाईओवर पर स्विफ्ट गाड़ी संख्या HR26BZ6968 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाते हुये दुर्घटना कारित हो गयी थी। दुर्घटना में मोटर साईकिल सवार घायल हो गये थे। घायलो को तत्काल थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया था। श्री संदीप उपरोक्त की तहरीर के आधार थाना आदर्शमण्डी पर गाड़ी चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनाँक 15.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत कस्बा बनत में हुई सड़क दुर्घटना में वांछित स्विफ्ट गाड़ी चालक को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

1.कृष्ण बिष्ट पुत्र जोध सिंह निवासी गली न0- 09 उत्तरी रामपुरी शाहबुद्दीन रोड थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर।



**<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 15.07.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.राशिद पुत्र अय्यूब निवासी मौहल्ला आलखुर्द थाना कैराना जनपद शामली।




**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**